प्रादेशिक समाचार

दिनांक–24.06.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा का आज राज्यभर में आक्रोश प्रदर्शन, झामुमो ने कहा– विपक्ष सरकार को अस्थिर करने की कर रही है नाकाम कोशिश।
- रांची नगर निगम ने महिन्द्रा नेक्सजेन और टाटा मोटर्स के शोरुम को किया सील, नक्शे का उल्लंघन करने का आरोप।
- बोकारो में ज्वेलरी दुकान में हथियारबंद अपराधियों ने की भीषण लूटपाट, चार करोड़ के गहने और कैश लूटे।
- रांची समेत राज्य के कई जिलों में भारी बारिश से जनजीवन अस्त–व्यस्त, वज्रपात और दीवार गिरने से आठ लोगों की मौत।
- झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के चुनाव को हाईकोर्ट में चुनौती, नये सिरे से निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग।

********************

राज्य के अंचलों में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ आज पूरे राज्य में भारतीय जनता पार्टी की ओर से आक्रोश प्रदर्शन किया जायेगा। रांची महानगर अध्यक्ष वरुण साहू ने आरोप लगाया कि अंचल कार्यालयों में बिना पैसे के कोई काम नहीं होता।

इस बीच झामुमो ने इसे भाजपा का राजनीतिक स्टंट करार दिया है। पार्टी के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने आरोप लगाया है कि राज्य की स्थिर सरकार को अस्थिर करने के लिए भाजपा इस तरह के हथकंडे अपना रही है।

********************

रांची स्थित कांके के नगडी में रिम्स टू के निर्माण का पूर्व मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बंधु तिर्की ने विरोध किया है। रांची में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि उनका विरोध रिम्स टू के निर्माण पर नहीं है लेकिन इसके लिए कृषि योग्य भूमि का अधिग्रहण करना उचित नहीं है।

श्री तिर्की के इस बयान पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों को पार्टी फोरम पर उठाया जाना चाहिए।

इधर, झामुमो के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने स्पष्ट कर दिया है कि रिम्स टू हेमंत सोरेन सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है और इसका निर्माण हर हाल में होकर रहेगा।

********************

रांची नगर निगम ने डिबडीह स्थित महिन्द्रा नेक्सजेन और टाटा मोटर्स के शोरुम को सील कर दिया है। निगम के अपर प्रशासक संजय कुमार ने कहा है कि ये शोरुम नक्सक का विचलन कर संचालित हो रहे थे। उन्होंने यह भी कहा कि शोरुम संचालक ने अग्निशमन विभाग की अनुमति भी नहीं ले रखी है।

********************

बोकारो जिले के चास थाना क्षेत्र में बाइपास रोड स्थित एक ज्वेलरी दुकान में कल शाम चार हथियारबंद लूटेरों ने भीषण लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। दुकानदार का दावा है कि लूटेरों ने चार करोड़ रुपये के आभूषण और 60 हजार रुपये नगद लूट लिये। सरेआाम इस प्रकार की घटना पर भाजपा ने एक बार फिर राज्य की विधि व्यवस्था पर सवाल उठाया है। पूर्व विधायक बिरंची नारायण ने जल्द से जल्द लुटेरों को गिरफ्तार करने की मांग की है।

********************

झारखंड पुलिस के सिपाही समूह में 50 प्रतिशत पदों पर सीमित परीक्षा के माध्यम से चतुर्थवर्गीय ट्रेड से जवान प्रोन्नत होंगे। शेष 50 प्रतिशत पद पर प्रोन्नति उम्र और कार्यानुभव के आधार पर होगी। सीमित प्रतियोगिता परीक्षा की प्रक्रिया से अब नये बहाल चतुर्थवर्गीय ट्रेड के जवानों को भी प्रोन्नति का लाभ मिलेगा। सीमित विभागीय परीक्षा में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी अपने संबंधित जिला, इकाई और वाहिनी के एसपी या समकक्ष पदाधिकारी के नाम आवेदन देंगे। इसके लिए नौ जुलाई तक की तिथि निर्धारित की गयी है।

********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,
इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

********************

संविधान हत्या दिवस कल मनाया जाएगा। यह दिन 25 जून 1975 को भारत के संविधान को कुचलने की घटनाओं की याद दिलाता है।

********************

सरायकेला खरसावां जिले में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान को सफल बनाने के लिए जिले के सभी विभाग सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं।

********************

राज्य में मानसून पूरी तरह से सक्रिय है। रांची और आसपास के इलाकों में कल भारी बारिश हुई। इससे जनजीवन प्रभावित हुआ है। पिछले 24 घंटे में वज्रपात और अन्य हादसों में आठ लोगों की मौत हो गयी है। हजारीबाग में बारिश के दौरान छत गिरने से एक दंपत्ति की मौत हो गयी, वहीं गढ़वा में वज्रपात से एक महिला और एक बुजुर्ग की जान चली गयी। रांची के सोनाहातू में ठनका गिरने से दो महिलाओं की मौत हुई है। जमशेदपुर में भी वज्रपात से एक छात्र की जान चली गयी है। इधर, रांची में दीवार गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। मौसम विभाग ने आज भी रांची, खूंटी, पलामू, गढ़वा, लातेहार, लोहरदगा, गुमला और खूंटी में वज्रपात के साथ बारिश की चेतावनी जारी की है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने 29 जून तक बारिश होने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है।

********************

झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन, जेएससीए के सत्र 2025–28 के लिए हुए चुनाव को झारखंड हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी रहे नंदू पटेल ने याचिका दायर कर आरोप लगाया है कि चुनाव में कुल 107 वोट ऐसे डाले गए जो जेएससीए बायलॉज और न्याय के नैसर्गिक सिद्धांतों का उल्लंघन है। याचिका में चुनाव प्रक्रिया को रद्द कर नये सिरे से चुनाव कराने की मांग की गयी है।

********************

अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने राज्य में भारी बारिश से हुई तबाही की खबर को प्रमुखता दी है।
दैनिक भास्कर ने लिखा है– पूछ रही है रांची...2 घंटे की बारिश में ही क्यों तालाब बन रही सड़क, क्यों घरों में घुसा पानी।
हिन्दुस्थान के शब्द हैं– असफल यूपीआई भुगतान की रकम तुरंत वापस होगी।
प्रभात खबर की सुर्खी है– कबाड़ में बेची जा रही थी स्कूलों में फ्री बंटनेवाली नये सत्र की किताबें।

दैनिग जागरण लिखता है– 20 करोड़ का घपला करने की रची थी साजिश, अब चुकाने होंगे 150 करोड़। अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने इरान के प्रमुख ठिकानों पर इजराइली हमलों की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

<u>*********************</u>